# ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**

Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

**2020-21 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - 2**

**2020-21 MODEL QUESTION PAPER - 2**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H**

**Subject : THIRD LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 61-H**

**ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**

**Time : 3 hrs.** | **Max. Marks : 80**

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**

**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं. उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए –** 8 x 1 = 8

1. निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द क्या है –
   - A. मयूर
   - B. कुतिया
   - C. लड़का
   - D. बालक

2. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –
   - A. चीज
   - B. दुकान
   - C. आँख
   - D. किताबें

3. 'खरीदना' शब्द का विलोम रूप है –
   - A. बेचना
   - B. माँगना
   - C. देना
   - D. भेजना

4. 'परमेश्वर' शब्द में संधि है –
   - A. दीर्घ संधि
   - B. वृद्धि संधि
   - C. गुण संधि
   - D. आयादि संधि

5. निम्नलिखित शब्दों में प्रथम 'प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है –
   - A. खुशी
   - B. हँसाना
   - C. मजाक
   - D. हँसी

6. 'देश-विदेश' शब्द में समास है –

A. अव्ययीभाव

B. द्विगु

C. तत्पुरुष

D. द्वन्द्व

7. आज का युग इंटरनेट युग है।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है –

A. अल्प विराम

B. पूर्ण विराम

C. अर्ध विराम

D. प्रश्नवाचक

8. लोगों ने चोर ............... पकड़ा ।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

A. के

B. को

C. से

D. का

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए –**

**4 x 1 = 4**

9. नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ......................

10. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : ...................

11. बेंगलूरु : सिलिकॉन सिटी : : कर्नाटक : ....................

12. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : ...................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – एक पूर्ण वाक्य में लिखिए –** **4 x 1 = 4**

13. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे?

14. बिछेन्द्री के माता-पिता कौन थे?

15. चुटकी दे-देकर हँसने वाले कौन थे?

16. हंस का गुण कैसा होता है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए –** **8 x 2 = 16**

17. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे?

18. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है?

19. लेखिका ने गिल्लु के प्राण कैसे बचाये?

20. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है?

21. दुकानदार ने लेखक से सेब के बारे में क्या कहा?

22. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?

23. सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है?

    अथवा

    शनि का वायुमंडल किस प्रकार बना है?

24. सत्य का स्वरूप कैसे होता है?

    अथवा

    महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए –** **9 x 3 = 27**

25. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए।

26. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा? बताइए।

27. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे? स्पष्ट कीजिए।

28. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया? कारण बताइए।

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया?

30. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है?

31. समय का क्या महत्व है? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए –

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए –

कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। यहाँ की आबादी लगभग 6 करोड़ से ऊपर है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए – 2 x 4 = 8**

34. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए।

अथवा

कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है? विवरण दीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए–

असफलता ..................................................

....................................................................

..................................................................

................................................ भागो तुम।

**VII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4 x 1 = 4**

36. विक्रम साराभाई बाल्यकाल से ही प्रतिभावान छात्र थे। जब उनकी उम्र मात्र दो वर्ष की थी, तभी रविन्द्रनाथ टैगोर ने भविष्यवाणी की थी कि ''यह बालक बड़ा होकर बहुत यश प्राप्त करेगा'' विक्रम को बचपन से ही साहसिक कार्य पसंद थे। जब उनकी आयु आठ वर्ष की थी, तो वह साइकिल पर भाँति-भाँति की कलाबाजियाँ दिखाकर लोगों को विस्मित कर देते थे। विश्व में वह सदैव कास्मिक किरणों और परमाणु अनुसंधान के लिए स्मरण किए जाते रहेंगें ।

i. विक्रम बचपन में कैसे छात्र थे?

ii. रवीन्द्रनाथ टैगोर की भविष्यवाणी क्या थी?

iii. विक्रम को बचपन में कैसे कार्य पसंद थे?

iv. विश्व में साराभाई का स्मरण क्यों किया जाता है?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए** **1 x 4 = 4**

37. (क) इंटरनेट का उपयोग

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का अर्थ
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार

(ख) बेरोजगारी

* प्रस्तावना
* बेरोजगारी के कारण
* बेरोजगारी निवारण के उपाय
* उपसंहार

(ग) वनमहोत्सव

* विषय प्रवेश
* वृक्ष लगाने का महत्व
* वृक्षों से उपयोग
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए -** **1 x 5 = 5**

38. अपनी बड़ी बहन की शादी में भाग लेने के कारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

शैक्षिक यात्रा पर जाने के लिए पैसे और अनुमति मांगते हुए पिता के नाम पत्र लिखिए।